Bharat Temples

मुझे ऐसा बना दो मेरे प्रभु मुझे ऐसा बना दो मेरे गुरु, जीवन में लगे ठोकर न कहीं Bhajans Bhakti Songs

मुझे ऐसा बना दो मेरे प्रभु
मुझे ऐसा बना दो मेरे गुरु,
जीवन में लगे ठोकर न कहीं ।
जाने अंजाने भी मुझसे,
नुकसान किसी का हो न कहीं ।

जो तेरा बनकर रहता है,
काँटों में फूल सा खिलता है
जितने भी कांटें पाँव लगे,
पर फूल भी हो कांटें न कहीं ।
मुझे ऐसा बना दो...

इक तू ही मेरा ऐसा है,
दु:ख में भी साथ नहीं तजता
दुनिया मुझे प्यार करे न करे,
खोऊँ तेरा भी प्यार न कहीं ।
मुझे ऐसा बना दो...

मन हो मधुपुर में कलश मेरा,
आँखों में ज्योति झलकती रहे
तुझे मधु ऐसा पीने को,
जागत ही रहूँ सोऊँ न कभी ।
मुझे ऐसा बना दो...

उपकार सदा करता जाऊँ,
दुनिया अपकार भले ही करे
बदनामी न हो जग में मेरी,
कोई नाम भले ही दे न कहीं ।
मुझे ऐसा बना दो...

मैं क्या हूँ राह मेरी क्या है,
यह सत्य सदा मैं समझ सकूँ
इस राह पे चलते चलते कहीं,
मेरे पाँव थके न कहीं ।

Source:
https://www.bharattemples.com/mujhe-aisa-bana-do-mere-prabhu-jeevan-me-lage-thokar-na-kahin/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw